**भारत सरकार**

**शिक्षा मंत्रालय**

**उच्चतर शिक्षा विभाग**

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या: 185**

**उत्तर देने की तारीख: 18.07.2022**

**आरयूएसए (रूसा) के अंतर्गत धनराशि का आवंटन**

**†185. श्रीमती सुमलता अम्बरीश:**
**श्री डी.के. सुरेश:**
**श्री नलीन कुमार कटील:**
**सुश्री मिमी चक्रवर्ती:**

**क्या शिक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) पिछले तीन वर्षों और चालू वर्ष के दौरान देश में राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) आरंभ किए जाने के बाद इसके तहत स्वीकृत/स्थापित विश्वविद्यालयों की कर्नाटक और पश्चिम बंगाल सहित राज्य-वार और जिला-वार कुल संख्या कितनी है;
(ख) उक्त अवधि के दौरान रूसा के तहत राज्य-वार और जिला-वार कितनी धनराशि आवंटित की गई है;
(ग) क्या सरकार के पास उक्त योजना के तहत पश्चिम बंगाल में स्थापित उच्च शिक्षण संस्थानों (एचईआई) का वित्त पोषण बढ़ाने की कोई योजना/प्रस्ताव है; और
(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं?

**उत्तर**

**शिक्षा मंत्रालय में राज्यमंत्री**

**(डॉ. सुभाष सरकार)**

(क): राष्ट्रीय उच्चतर शिक्षा अभियान (रूसा) योजना के विभिन्न घटकों के तहत सहायता के लिए कुल 208 विश्वविद्यालयों को मंज़ूरी दी गई है। योजना के विभिन्न घटकों के तहत सहायता के लिए स्वीकृत कर्नाटक और पश्चिम बंगाल सहित विश्वविद्यालयों की संख्या का राज्य/जिला-वार विवरण https://www.education.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/upload_document/Universities_%20under_%20RUSA.pdf. पर उपलब्ध है।

(ख): योजना के विभिन्न घटकों के तहत राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की परियोजनाओं के लिए राज्य के हिस्से सहित 14,704.81 करोड़ रुपये की कुल राशि स्वीकृत की गई हैं। विभिन्न घटकों के तहत स्वीकृत कुल राशि का राज्य/जिला-वार विवरण https://www.education.gov.in/sites/upload_files/mhrd/files/upload_document/Funds_under_RUSA.pdf. पर दिया गया है।

(ग) और (घ): रूसा वित्त पोषण राज्य द्वारा प्रस्तुत प्रस्तावों, रूसा के परियोजना अनुमोदन बोर्ड द्वारा उनके मूल्यांकन, योजना के दिशानिर्देशों का पालन और पहले से स्वीकृत रूसा निधियों के उपयोग में दक्षता पर निर्भर करता है।

*****